# कार्यालय कलेक्टर, जिला कोण्डागांव, छत्तीसगढ़
## (आदिवासी विकास शाखा)
## -: विज्ञापन :-

क्रमांक/आ0वि0/स्था0/ 539 /2023 कोण्डागांव, दिनांक 12/05/2023

छत्तीसगढ शासन सामान्य विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्र0/एफ-13-7/2023/आप्र./1-3 नवा रायपुर दिनांक 03.05.2023 एवं कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छ0ग0 के पत्र क्रमांक/सा.स्था.3/भर्ती-24/2023/1096 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 08.05.2023 के अनुसार कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोण्डागांव के रिक्त पदों की पूर्ति की सीधी भर्ती द्वारा किये जाने हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यार्थियों से जो छत्तीसगढ राज्य के मूल निवासी है, से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोण्डागांव के नाम से दिनांक 29.05.2023 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा। रिक्तियों की संख्या पदनाम सहित निम्नानुसार है:-

| रिक्त पदों का विवरण | पदसंख्या | पद का वेतनमान |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 5200-20200/2400 |
| वाहन चालक | 01 | 5200-20200/1900 |

1. आवश्यकतानुसार उपरोक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्वि की जा सकेगी।
2. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी।
3. चयन हेतु अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर, जिला कोण्डागांव को होगा।

भर्ती हेतु अनिवार्य योग्यता:-

(1) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर:-

(1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/विश्वविद्यालय से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण या दसवी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण एवं किसी विषय में तीन वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।

(2) मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ शीघ्रलेख मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से ) हिन्दी एवं अग्रेंजी मुद्रलेखन गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र।

(3) अनुभव को प्राथमिकता के आधार पर अंकों का निर्धारण चयन समिति करेगी।

2. वाहन चालक -

(01) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से पूर्व माध्यमिक शाला का कक्षा 8 वीं प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण।

(02) हल्का मोटर यान का वैध अनुज्ञप्तिधारी (लायसेंस) हो।

(03) ड्राइविंग का परीक्षण किया जावेगा ।

नियम/शर्ते:-

1) आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए, उच्चतर आयु सीमा में छ0ग0शासन सामान्य प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गए निर्देशों के अनुरूप छूट की पात्रता संभव होगी।

2) संविदा पर नियुक्ति व्यक्तियों को ाासकीय सेवा में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट दी जावेगी वर्ष उसने संविदा के रूप में सेवा की है। यह छूट अधिकतम 38 वर्ष आयु सीमा तक रहेगी।

3) आवेदक रोजगार कार्यालय के जीवित पंजीयन क्रमांक का उल्लेख अवश्य करें। आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

4) वांछित प्रमाण पत्रों एव अंक सूचियों की सत्यापित छायाप्रति सहित उम्मीदवार का आवेदन पत्र दिनांक 29.05.2023 समय शाम 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा पता, कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा, जिला कोण्डागांव छ0ग0 पिन कोड-494226 के कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

5) प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को 5/- रूपयेका डाक टिकट लगा दो स्वयं का पता लिखा खाली लिफाफा (9''ग''4) अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

6) उम्मीदवारों को अपनी आयु सत्यापन हेतु 5 वीं/8वीं/हाईस्कूल अंक सूची की प्रमाणित (स्वंय सत्यापित) छायाप्रति आवेदन के साथ लगाना अनिवार्य है।

7) अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों का अपना आवेदन उन संस्थानों के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नही होगा।

8) अपूर्ण अस्पश्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेगें।

9) अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का पासपोर्ट आकार के फोटो चिपकाएं। आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य है।

10) उम्मीदवारों के द्वारा लिफाफा मे आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में दर्शाना होगा।

11) शासन से विभागीय भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या संशोधित निर्देश जारी किये जाते है तो विज्ञापित पदो पर भी संशोधन के नियम लागू होंगे।

12) भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न विवाद एंव समस्या पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकार कलेक्टर कोण्डागांव को होगा।

13) अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता की पात्रता नही होंगी।

14) आवेदित पद डाटाएन्ट्री ऑपरेटर /वाहन चालक के पद हेतु पृथक-पृथक ही प्रावीण्य सूची तैयार की जायेगी। दोनों पदों के लिए पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता होगी।

15) नियुक्ति हेतु चयन विधि :- अर्हतादायी परीक्षा मे प्राप्त अंकों तथा अनुभव एवं कौशल परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाकर उक्त के आधार पर चयन किया जायेगा।

16) आवेदन पत्र की उपलब्धता :- आवेदन पत्र का प्रारूप कोण्डागांव जिले के वेबसाईट WWWW.kondagaon.gov.in पर देखा जा सकता है।

टीपः- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी; वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अहर्ताओं तथा शर्तो को पूरा करते है। तभी आवेदन करे । चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्हता पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।

**(जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदित)**

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास कोण्डागांव

# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग में
# डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/वाहन चालक की भर्ती हेतु
# आवेदन का पारूप

प्रति,

सहायक आयुक्त

आदिवासी विकास.................

फोटो

1. आवेदित पद का नाम :-..........................................................................................

2. आवेदक का नाम :-..........................................................................................

3. पिता/पति का नाम :-..........................................................................................

4. लिंग :-..........................................................................................

5. जन्म तिथि :-..........................................................................................

5. क्या छत्तीसगढ के मूल निवासी है :-.........................................................................................

(हॉ/नही) संलग्न करें (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र)

6. रोजगार कार्यालय का जीवित :-..........................................................................................

पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक छायाप्रति संलग्न :-..........................................................................................

7. स्थाई पता ग्राम पंचायत/विकासखण्ड :-..........................................................................................

तहसील/जिला सहित :-..........................................................................................

8. पत्र व्यवहार का पता :-..........................................................................................

ग्राम पंचायत/विकासखण्ड तहसील/ :-..........................................................................................

जिला सहित :-..........................................................................................

9. 01.01.2023 को आयु :-..............................माह.......................वर्ष......................

10. शैक्षणिक योग्यता (सभी परीक्षा के परिणाम संलग्न करें)

| क्र | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णाक | प्राप्तांक | प्राप्तांक प्रतिशत मै/ग्रेड | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |

11. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था:- हां/नही

मे सेवारत है यदि हां तो नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।

12. अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में संलग्न प्रमाण पत्र का विवरण:-

:-..........................................................................................

13. स्व सत्यापित संलग्न प्रमाण पत्र की सूची का विवरण

1........................................................................

2........................................................................

3........................................................................

4........................................................................

आवेदक /आवेदिका के हस्ताक्षर

**घोषणा पत्र**

मै............................................................ घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास में पूर्णत: सही है। विज्ञापन की सभी शर्तो को ध्यान से पढ लिया/ली हूँ तथा इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेंरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी अनुसार सत्य पूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिए मै निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ । मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत/असत्य पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है। जिसके विरूद्व में द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नही होगा।

दिनांक:-..................

स्थान:-.......................

आवेदक /आवेदिका के हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं पता)

........................................